आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 27.06.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- पहली जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह तैयार है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर द्वीपों के संबंध में चर्चा की।
- आज अंतरराष्ट्रीय नशाखोरी एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस– विश्व नशामुक्ति दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं।
- अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के सिलसिले में आज समाज कल्याण निदेशालय की ओर से मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

नशीले पदार्थ और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर कल द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज कल्याण विभाग की ओर से पंख और चिन्मय मिशन युवा शाखा के सहयोग से मैराथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डाक्टर नितिन शाक्या मुख्य अतिथि थे। उन्होंने नशीले पदार्थ के विरूद्ध संघर्ष में समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मैराथन को पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द ने झंडी दिखाकर रवाना किया और नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी से सहयोग का अनुरोध किया। लड़के वर्ग में सुजीत बैद्य और लड़कियों के वर्ग में अंजली को पहला स्थान मिला। चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे और युवाओं से नशे की लत से दूर रहने का अनुरोध किया।

निकोबार जिला पुलिस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ सामुदायिक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी पुलिसकर्मियों ने नशीली दवाओ के दुरूपयोग से लड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए शपथ ली। इस सिलसिले में पुलिस कर्मियों द्वारा कुचर्ड पार्क में नुक्कड़ नाटक का

प्रदर्शन किया गया, जिसमें समाज पर नशीली दवाओ ंके उपयोग से होने वाले हानिकारक प्रभावों को दर्शाया गया।

कैम्पबेल बे पुलिस थाने में भी नशीली दवाओ ंके दुरूपयोग के विषय पर बच्चों और युवाओ ंके लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। कव्छाल पुलिस थाना में वॉलीबॉल मैच और ननकौड़ी और तेरेसा पुलिस थाने में भी आम जनता के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। निकोबार जिला पुलिस ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे अपने अपने क्षेत्र में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी स्थानीय पुलिस को दें। मध्योत्तर अण्डमान जिले में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी सांसद ओम बिरला ध्वनि मत से अट्ठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले, जब कल सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बारह अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संसदीय मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करना उनकी प्राथमिकताएं होंगी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। कला और संस्कृति विभाग की ओर से इस संबंध में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में पंजीकृत प्रत्येक सांस्कृतिक संगठनों को पच्चीस हजार रूपए की

दर से यह सहायता दी जाएगी। कला और संस्कृति राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक सदभाव को बढ़ावा देने के लिए पिछले एक वर्ष से काम करने वाले सांस्कृतिक संगठन निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन पांच अगस्त तक सेल्युलर जेल परिसर स्थित कला और संस्कृति निदेशालय में जमा कर सकते हैं। प्रशासन की वेबसाइट से निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने एक नए पहल के तहत गुजरात के ओखा स्थित राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी के साथ मिलकर पुलिस कर्मियों के लिए दो सप्ताह का तटीय सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातरापुर के पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षुओं को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून, विभिन्न इंजन प्रणालियां, नाव संचालन, भारत की सीमाएं और बंदरगाह जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप–महानिरीक्षक, कानून और व्यवस्था वर्षा शर्मा ने किया। उन्होंने तटीय और समुद्री पुलिस अधिकारियों को फिर से प्रशिक्षित करने तथा उनके कौशल विकास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। यह पहल तटीय सुरक्षा और परिचालन तत्परता को मजबूत करने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रशिक्षण में तीन सौ ग्यारह पुलिस कर्मी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

पचहत्तरवां वन महोत्सव एक जुलाई से इक्कतीस जुलाई तक मनाया जाएगा। इस सिलसिले में पर्यावरण और वन विभाग अपने वन विस्तार और प्रचार संभाग से निशुल्क बीज का वितरण करेगा। इसके अलावा सुरक्षित स्थानों और घेराव वाले भूमि पर वृक्षारोपण किए जाएंगे। इस कार्य से जुड़ने वाले इच्छुक विभाग, संगठन, समुदाय हैडो स्थित रेंज कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज़ एम वी कैम्पबेल बे के आज दोपहर दो बजे तक कैम्पबेल बे और ननकौड़ी होते हुए पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज़ में तीन सौ से अधिक यात्री सवार हैं। जहाज से पैंतीस मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने हाल ही में अपना स्थापना दिवस मनाया। संस्थान के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी डॉ. सी. शिवापेरूमल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने द्वीपों में क्यारी की ओर से दी जा रही सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा की। बागवानी और जैविक कृषि में उनके योगदान की भी मुख्य अतिथि ने सराहना की। क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने पिछले वर्ष संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिकों के योगदान पर उन्हें सम्मानित किया तथा कृषि समुदाय के आजीविका में सुधार के लिए इसी तरह मेहनत करने का अनुरोध किया। पशु विज्ञान संभाग के प्रमुख डॉ. जय सुंदर ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी आर सिंह ने अगली पीढ़ी कृषि पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

अण्डमान द्वीप के एकाध भागों में आज भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। द्वीपसमूह के तटीय क्षेत्रों में हवा की रफ्तार से चाली से पचास किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है। इस बीच कल हुई भारी वर्षा के कारण कई स्थानों पर जल जमावड़ा से लोगो ंको भारी असुविधा हुई। घरों के भीतर भी पानी के पहुंचने से लोग परेशान हुए।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक ने कैम्पबेल बे खाड़ी के पास मत्स्य नौका को बचाया है। बीस जून को भारतीय तटरक्षक को कैम्पबेल बे खाड़ी से तेईस समुद्री मील की दूरी पर एक नौका के इंजन रूम में पानी भरने की सूचना मिली। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए तटरक्षक जहाज राजकिरन को भेजा गया। वहां पहुंचकर तकनीकी दल ने इंजन की गड़बड़ी को ठीक किया। नौका की मरम्मत के बाद इसे कैम्पबेल बे जेट्टी लाया गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह मत्स्य नौका तेरह जून को नौ लोगों के साथ मछली पकड़ने के लिए जंगलीघाट जेट्टी से रवाना हुआ था।

<><><><><><><>